सत्यमेव जयते

भादूविप्रा
TRAI

मिसिल क्रमांक.ए-25/4/(10)/2024-प्र. एवं का.(कंप्यूटर नं.13717)         दिनांक: 29 अगस्त, 2024

**रिक्ति परिपत्र संख्याः सी-02/2024-25**

**भादूविप्रा मुख्यालय, नई दिल्ली में परामर्शदाता की नियुक्ति के लिए विज्ञापन**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत संसद के द्वारा स्थापित एक सांविधिक निकाय है। भादूविप्रा की स्थापना दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने और दूरसंचार क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं एवं उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने, दूरसंचार क्षेत्र के उचित एवं व्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने तथा सुनिश्चित करने और इनसे संबंधित प्रासंगिक मामलों के लिए की गई है। वर्ष 2004 से, भादूविप्रा को प्रसारण एवं केबल सेवाओं के विनियमन से जुड़े कार्य का अधिकार भी सौंपा गया है।

2. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण में अनुबंध के आधार पर परामर्शदाता के निम्नलिखित पद एवं योग्यता के अनुरूप पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैः

**भादूविप्रा मुख्यालय के राजभाषा अनुभाग के लिए परामर्शदाताः**

| विभाग का नाम | विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| **राजभाषा अनुभाग** | पद का नाम | **परामर्शदाता (हिंदी अनुवादक) (सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी) ग्रेड- II** |
| | आवश्यक परामर्शदाताओं की संख्या | 01 |
| | समय सीमा जिसके लिए परामर्शदाता को नियुक्त कियाजाना है | 01 वर्ष<br>*[भादूविप्रा की आवश्यकता और परामर्शदाता के प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है]* |
| | आयु सीमा | रिक्ति परिपत्र की तिथि को 63 वर्ष से कम आयु। |

*पृष्ठ क्र..2 पर जारी*



Azadi Ka Amrit Mahotsav

| | | |
|---|---|---|
| | मासिक पारिश्रमिक | रु. 65,000/- (निश्चित) प्रति माह<br>या<br>परामर्शदाता का वेतन *"अंतिम आहरित वेतन घटा मूल पेंशन"* **अथवा** नई पेंशन योजना से निवृत्त हुए अधिकारियों के मामलें में *'अंतिम मूल वेतन घटा अंतिम मूल वेतन का 30 प्रतिशत'* के आधार पर भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग द्वारा इस विषय पर जारी दिशानिर्देश के अनुसार तय किया जाएगा, **जो भी कम हो।**<br>एवं परिवहन भत्ता @ ₹ 7,200/- (निश्चित) प्रति माह या सेवानिवृत्ति के समय लागू दर, जो भी कम हो (निश्चित)। |
| | शैक्षिक योग्यता | <u>आवश्यकः</u> किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में मास्टर/स्नातक की डिग्री तथा अनुवाद में डिप्लोमा |
| | योग्यता के बाद का अनुभव | केंद्र/राज्य मंत्रालय/विभाग/संगठन/ स्वायत निकाय/सांविधिक निकाय/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से सेवानिवृत्त अधिकारी, जिनके पास अनुवाद कार्य करने का अनुभव होना चाहिए, हिंदी एवं अंग्रेजी टाइपिंग में कुशल होना चाहिए, कंप्यूटर का अच्छा ज्ञान होना चाहिए, कंप्यूटर पर स्वतंत्र रुप से काम करने की क्षमता के साथ माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट प्रेंजेटेशन (टाइपिंग सहित) और इंटरनेट सर्फिंग आदि में कुशल होना वांछनीय है तथा वह सहायक निदेशक राजभाषा/ हिंदी अधिकारी के पद से पे लेवल-10 अथवा पे लेवल-11 से सेवानिवृत्त हुआ हो।<br>**अथवा**<br>सेवानिवृत्त 'वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक' जो पे लेवल-7 अथवा ऊपर में कम से कम तीन वर्ष का अनुवाद के कार्य का अनुभव रखता हो। |
| | कर्तव्यों का प्रकार | 1. 'भारत संघ की राजभाषा नीति' का अनुपालन सुनिश्चित करना।<br>2. विभिन्न प्रपत्रों, परिपत्रों, मैनुअलों, लेखों आदि का अंग्रेजी से हिंदी और विलोमतः अनुवाद।<br>3. दैनिक आधिकारिक पत्रों, कार्यालय आदेशों, विभागीय आदेशों आदि का अंग्रेजी से हिंदी में और विलोमतः अनुवाद।<br>4. सरकारी पत्र/ कार्यालय आदेश/नोटिंग आदि हिंदी में कंप्यूटर पर तैयार करना।<br>5. हिंदी कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए हिंदी समिति की सहायता करना।<br>6. राजभाषा नीति के कार्य के कार्यान्वयन और विभिन्न आधिकारिक मामलों में प्रभारी अधिकारी की सहायता करना।<br>7. सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपा गया अन्य कोई कार्य। |

*<u>पृष्ठ क्र..3 पर जारी</u>*

Badaun

3. परामर्शदाता की सेवाएं भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के दिशानिर्देश संख्या ए-25/4/(3)/2021 दिनांक 24 जुलाई, 2023 ***(प्रतिलिपि संलग्न)*** के अनुसार शासित होंगी।

4. भादूविप्रा में **परामर्शदाता (हिंदी अनुवादक) (सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी)-ग्रेड-II** पद के लिए इच्छुक योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन **केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से** URL: **https://vacancies.trai.gov.in** पर भेज सकते हैं। अन्य माध्यमों जैसे पोस्ट/ मेल आदि से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **7 अक्टूबर, 2024** है। निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां भी ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड की जानी हैः

(क) शैक्षिक मार्कशीट जिसमें जन्मतिथि का प्रमाण हो।

(ख) शैक्षिक योग्यता के प्रमाणपत्र।

(ग) शैक्षिक योग्यता के बाद का अनुभव / नौकरी।

(घ) पीपीओ *(पेंशन योग्य संगठन से सेवानिवृत्त होने की स्थिति में)* ।

(ड़) कोई अन्य उपयुक्त दस्तावेज।

5. अपुर्ण आवेदन पत्रों एवं उपरोक्त 4 (क) से (ड़) में उल्लिखित संबंधित दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**(दुर्गेन्द्र सिंह जादौन)**
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.)
दूरभाष. 011-26769-613
ईमेलः sroanp@trai.gov.in

**सूचना के लिए आंतरिक संचलन:**

1. ओएसडी, अध्यक्ष के कार्यालय, भादूविप्रा
2. सदस्य, भादूविप्रा के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
3. सचिव, भादूविप्रा के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
4. सभी प्रधान सलाहकार/ सलाहकार, भादूविप्रा [मुख्यालय]।
5. संयुक्त सलाहकार (आईटी) - *कृपया परिपत्र को भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड करें।*
6. उप महानिदेशक (रोजगार), श्रम और रोजगार मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली-110001- *कृपया परिपत्र को एनसीएस पोर्टल पर पोस्ट करने के अनुरोध के साथ।*
7. नोटिस बोर्ड।